UNIVERSITY NEWS 24 NOVEMBER 2026

DAINIK JAGRAN

आदि आदेश के वल्ले से बरसे रन

लखनऊ: परांजपे क्रिकेट मैदान पर रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जीत का चौका लगाया।आदि आदेश शुक्ला के अर्धशतक व गेंदबाजी के दम पर मेजबान लवि ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय को 66 रन से हराया। इस जीत के साथ एलयू ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उसका मुकाबला मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय से होगा।


आदेश • लवि

पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलयू की टीम ने सात विकेट पर 191 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। आदि आदेश शुक्ला ने 45 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 75 रन बनाए। राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय की टीम आठ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में सीजीसी विश्वविद्यालय ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय को 35 रन से हराया। (वि.)

DAINIK JAGRAN

एलुमनाई वीक आयोजित

लखनऊ: लवि के अर्थशास्त्र विभाग मे सोमवार को एलुमनाई वीक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 'विकसित भारत @ 2047 के संकल्प को साकार करने मे युवाओं की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमे मलिका अग्रवाल ने प्रथम और अभिषेक मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम मे विभाग के पूर्व छात्र एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरविन्द अवस्थी ने मौद्रिक नीति पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। संचालन डा. हरनाम सिंह ने किया। (वि.)

19 लोगों ने किया रक्तदान



रक्तदान शिविर आयोजन मे प्रशस्ति पत्र देते पद्मश्री डा. अनिल रस्तोगी • लवि

लखनऊ: लवि के 106वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे रविवार को जैव रसायन विभाग मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हरि ओम सेवा केंद्र और केजीएमयू ने मिलकर शिविर मे 44 लोगो ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम मे पद्मश्री डा. अनिल रस्तोगी, विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया मौजूद रहीं। शिविर का संयोजन प्रो. मीनल गर्ग व प्रो. कुसुम यादव ने किया। (वि.)

AMAR UJALA

तीन पीढ़ियों के सपनों का गवाह बना लविवि

दादा-दादी से पोते-पोतियों तक ने इसी परिसर में गढ़ा भविष्य, यादों और संस्कारों से जुड़े परिवारों के रिश्ते

लखनऊ विश्वविद्यालय कल, आज और कल

भाई मिटी रिपोर्टर

लखनऊ। किसी शिक्षण संस्थान की पहचान सिर्फ उसकी इमारतों, विभागों और उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उससे जुड़े रिश्तों और यादों से भी बनती है। लखनऊ विश्वविद्यालय ऐसे ही रिश्तों की विरासत समेटे हुए है। जहां दादा-दादी, पिता-मां और पोते-पोतियों तक तीन पीढ़ियों ने इसी परिसर में शिक्षा हासिल की।

लखनऊ विवि अपना 106वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर हम ऐसे ही परिवारों के बारे में आपको बता रहे हैं जिनकी तीन पीढ़ियों के जीवन में यह विश्वविद्यालय किसी खास दिशासत की तरह मौजूद है। यहां किसी ने पहली बार अपने सपनों को उड़ान दी तो किसी ने जीवन की दिशा पाई। बक्से बदला, पीढ़ियां बदलीं, परिसर की तस्वीर बदली लेकिन कुछ परिवारों का इस विश्वविद्यालय से रिश्ता नहीं बदलता।

इनके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय महज डिग्री हासिल करने की जगह नहीं, बल्कि परिवार की यादों, संस्कारों और पहचान का हिस्सा है।

घर में लविवि की कहानियां सुनकर बड़ी हुई


बेटे शिवम, पति विजेता कुमार और ससुर जेपी श्रीवास्तव के साथ प्रतिभा डॉ. सुरीति।

लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सुरीति के पिता स्वर्गीय बीके अधिकारी रहे। उन्होंने भी इसी विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी। डॉ. सुरीति बताती हैं कि बचपन से पिता के मुंह से विश्वविद्यालय की कहानियां सुनती थीं। बाद में उन्होंने यहीं से एमए और पीएचडी की और शिक्षक बनीं। शादी के बाद उन्हें पता कि उनके ससुर जेपी श्रीवास्तव जो एडीएम थे, वह भी इसी विश्वविद्यालय के छात्र थे। पति विजेता कुमार पीसीएस में रीजीयन पद से सेवानिवृत्त हुए और उन्होंने भी यहीं शिक्षा हासिल की। बेटे शिवम ने भी बेंगलूरु स्टार्टअप में एमएमसी किया। डॉ. सुरीति के मुताबिक, विश्वविद्यालय की खासियत शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंध हैं। यहां शिक्षक के साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और संस्कारों के विकास पर भी ध्यान दिया जाता है।

कानपुर की नौकरी छोड़ लविवि में आई


नाना गर्वित नाथ चतुर्वेदी और मां इंदिरा चतुर्वेदी के साथ प्रो. रोमी मिश्रा (बाएं)।

अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. रोमी मिश्रा ने 1995 में लखनऊ विश्वविद्यालय से शोध किया। इसके बाद एमए और पीएचडी भी यहीं से पूरी की। उनकी नौकरी कानपुर विश्वविद्यालय में लगी लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय से लगाव के चलते उन्होंने यहां की नौकरी छोड़ दी और यहीं शिक्षक के रूप में जुड़ गईं। दिलचस्पी कश्मिश रहे उनके नाना पं. गर्वेशनाथ चतुर्वेदी हिंदी विभाग में अतिथि शिक्षक थे। मां इंदिरा मिश्रा ने यहां से बीएससी में एमएससी किया। उनके मामा अशोक चतुर्वेदी, जो दो चौथ रहे, ने भी इसी विश्वविद्यालय से पढ़ाई की। परिवार के अन्य सदस्य भी यहां के विद्यार्थी रहे। प्रो. रोमी मिश्रा कहती हैं कि लखनऊ विश्वविद्यालय से उनका रिश्ता जीवनभर बना रहेगा।

दादा और पिता के बाद एशना ने भी चुना लविवि


एशना, विनय शर्मा व ऑकलनाथ शर्मा।

एशना विनय शर्मा 2026 में एमएससी करने वाली एशना के दादा ओंकारनाथ शर्मा ने 1956 में यहां से बीए किया था। वह रेलवे में चीफ टिकट कंट्रोलर पद से सेवानिवृत्त हुए। पिता एशनाकेदार विनय शर्मा ने 1990 में विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी की। गोमतीनगर निवासी एशना का कहना है कि परिवार की तीन पीढ़ियों का विश्वविद्यालय से जुड़ना उनके लिए खुशकिस्मत है।

106 साल की विरासत का जश्न

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह के तहत विभिन्न विभागों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम हुए। व्यापिक विभाग ने पूर्व छात्र मीट (डॉ.) पवन कुमार तिवारी से संवाद कराया। अर्थशास्त्र विभाग की भाषण प्रतियोगिता में मलिका अग्रवाल प्रथम और अभिषेक मिश्रा द्वितीय रहे। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के 58 प्रतिभागियों ने आईआईएम लखनऊ का शैक्षणिक भ्रमण किया।

जैव रसायन विभाग के रजतपात शिविर में 19 लोगों ने रक्तदान किया। यहीं, जैव रोबाट प्रयोगशाले में छात्र टीमों ने हिस्सा लिया। साइकोमेट्रिक जांचों एवं मु-मोशाल संस्थान और राह अन्वयन विभाग ने विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए। भूगोल विभाग के 50 से अधिक शोधार्थियों ने साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता मार्च निकाला। केमिस्ट्री विज्ञान विभाग ने डिजिटल उपकरणों के आत्मनिर्भर इस्तेमाल पर अभियान चलाया। शिक्षक सहायता केंद्र ने महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। वनस्पति विज्ञान विभाग की कविता प्रतियोगिता में शाखी पात और गायन में चहक श्रीवास्तव प्रथम रहीं। सामाजिक शिक्षा विभाग में सामाजिक प्रतिबद्धित हुई, जबकि दर्शनशास्त्र विभाग और योग संकाय में प्रश्नोत्तरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। (भाई मिटी रिपोर्टर)

कवि सम्मेलन से होगा आगाज

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 24 नवंबर को मालवीय सभागार में कवि सम्मेलन और पूर्व छात्र सम्मान समारोह होगा। पद्मश्री लोकगायिका मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। अध्यक्षता कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी करेंगे।

■ दोपहर तीन से सायं 5:30 बजे तक होने वाले कवि सम्मेलन में डॉ. हरिओम, हसन काज़मी, प्रो. अब्बास रजा नैयर, पंकज प्रसून और अंशु प्रिया दुबे कविता पाठ करेंगे। इस दौरान सात पूर्व कुलपतियों और छह चीफ प्रवक्ताओं समेत 13 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

■ 25 नवंबर को मुख्य समारोह : स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 25 नवंबर को होगा। शाम चार बजे सांस्कृतिक संध्या में भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह मुख्य अतिथि होंगी। शाम पांच से 7:30 बजे तक आयोजित मुख्य समारोह में उपकुलपतियों द्वारा पंजाब शामिल होंगे। इस दौरान प्रशासनिक, न्यायिक, सैन्य और कॉरपोरेट जगत की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। (भाई मिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

महावीर चक्र विजेता समेत नौ हस्तियां सम्मानित होंगी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एलयू में 106वें स्थापना दिवस पर कल नौ पूर्व छात्रों को 'विशिष्ट पुरातन छात्र सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में प्रशासन, न्यायपालिका, सैन्य सेवा, विज्ञान, परमाणु ऊर्जा और कॉरपोरेट जगत में परचम लहराने वाले पूर्व विद्यार्थी हैं।

सीआरपीएफ के महानिदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह, भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमोडोर एवं महावीर चक्र विजेता अरविंद सिंह और इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह को सम्मानित किया जाएगा। जनवरी 1991 वैच आईपीएस अधिकारी हैं। कमोडोर अरविंद सिंह ने 1987 में श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में वीरता का प्रदर्शन किया था।

न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने वर्ष 1995 में विधि स्नातक की डिग्री हासिल की थी। उनको 2023 में स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर एवं इम्यूनोएक्टर के संस्थापक राहुल पुरवार मुख्यमंत्री के विशेष सचिव विशाल भारद्वाज समेत अन्य को सम्मानित किया जाएगा।

HINDUSTAN

एलयू में सजे स्थापना दिवस के रंग

समारोह


लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह के तहत विभिन्न आयोजन हुए।

दो कमरों और 200 विद्यार्थियों से शुरू हुआ सफर

इतिहास

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत विभिन्न विभागों एवं संस्थानों द्वारा शैक्षणिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के दिशा निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत वाणिज्य विभाग ने पूर्व छात्र सहित (डॉ.) पवन कुमार तिवारी के साथ संवाद आयोजित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अध्ययन एवं ईमानदारी का संदेश दिया। वैज्ञानिक गतिविधियों के अंतर्गत जैव रसायन विभाग ने हरिओम सेवा केंद्र एवं किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 19 लोगों ने रक्तदान किया। सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में वनस्पति विज्ञान विभाग ने कविता एवं गायन प्रतियोगिताओं के साथ पर्यावरण कानून एवं नीति पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया। योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय के योग विभाग ने प्रश्नोत्तरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, लोकगीत एवं एक्रो योग की प्रस्तुतियां भी दीं। वहीं स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम कल आयोजित होंगे।

अमीनाबाद के दो कमरों से शुरू हुआ सफर आज देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शुमार लखनऊ विश्वविद्यालय तक पहुंच चुका है। 106 वर्षों की यात्रा में परिसर ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर संघर्ष एवं ईमानदारी का संदेश दिया। वैज्ञानिक गतिविधियों के अंतर्गत भी विशिष्ट पहचान बनाई है। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसी महान विभूतियों की स्मृतियां आज भी इतिहास का हिस्सा हैं। विश्वविद्यालय की नींव 18 अगस्त 1862 को अवध के तालुकदारों की पहल से पड़ी। उन्होंने लॉर्ड कैनिंग की स्मृति में शिक्षण संस्थान स्थापित करने का संकल्प लिया। एक मई 1864 को अमीनुद्दौला पैलेस में करीब 200 विद्यार्थियों के साथ कैनिंग हाईस्कूल की शुरुआत हुई। 1866 में यह कैनिंग कॉलेज बना और 1878 में बादशाह बाग में इसका स्थायी भवन तैयार हुआ। कैनिंग कॉलेज, इसाबेला थोबर्न कॉलेज और किंग जॉर्ज चिकित्सा महाविद्यालय के विलय से लखनऊ विश्वविद्यालय अस्तित्व में आया। जीएन खरकर्ली इसके पहले कुलपति नियुक्त हुए और जुलाई 1921 में पहला शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ।

आज सजेगी कवियों की महफिल, पूर्व छात्र सम्मानित होंगे

106वें स्थापना दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का आगाज आज होगा। मालवीय सभागार में अपराह्न तीन बजे से समारोह होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी करेंगे। अतिथि लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। मुख्य आकर्षण कवियों की महफिल होगी। शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठनीय योगदान देने वाले विश्वविद्यालय के 13 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। पूर्व कुलपति प्रो. घूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी कर्वाथल और प्रो. बलराज चौहान को सम्मानित किया जाएगा। प्रो. पुनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा मिश्र, प्रो. सीपी कर्वाथल और प्रो. बलराज चौहान को सम्मानित किया जाएगा। (वि.)

लवि का 106वां स्थापना दिवस 25 को, संस्थान ने कई पीढ़ियों के सपनों को दिया आकार

विद्यार्थियों की रगों में दौड़ता लखनऊ विश्वविद्यालय

आलोक त्रिपाठी/आशुतोष पांडेय • लखनऊ

लखनऊ: एक इमारत जिसके आसपास से गुजरने पर यादें हाथ पकड़कर साथ बैठा लेती हैं। कैंपस की गलियां हों या कैंटीन में चाय की चुस्कियां। गपशप के साथ कहकहों की संजीदा बातें हों या दोस्तों के साथ मस्ती तो कभी छूटा कोर्स पूरा करने के लिए कक्षियों की जिद्दोजहद। लखनऊ विश्वविद्यालय जाने वाला विद्यार्थी जाता तो अकेले है, पर जब वहां से निकलता है तो पूरे जीवन कभी न भूलने वाले पलों का पिटारा भी उसके साथ होता है। समय के साथ परिसर की इमारतें और व्यवस्थाएं बदलीं, लेकिन विद्यार्थियों के दिलों में इस विश्वविद्यालय के लिए बसने वाला अपनापन आज भी वैसा ही है। 25 नवंबर को 106वें स्थापना दिवस मनाने जा रहा संस्थान न जाने कितनी पीढ़ियों के सपनों को आकार दे चुका है।

1922 में देश के पहले राजनीति शास्त्र विभाग की शुरुआत लवि में ही हुई थी


लखनऊ विश्वविद्यालय का मुख्य गेट • जागरण आर्काइव

17 जुलाई 1921 से लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापना के बाद विद्यार्थियों के लिए शुरू किया गया था शिक्षण कार्य

इन्हें मिलेगा डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवार्ड

- ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, महानिदेशक सीआरपीएफ
- कमोडोर अरविंद सिंह, महावीर चक्र विजेता
- बृजराज सिंह, न्यायमूर्ति, इलाहाबाद हाई कोर्ट, लखनऊ पीठ
- प्रो. राहुल पुरवार, आईआईटी बाम्बे
- वीरज पांडेय, निदेशक, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय
- अनुपम कुमार, संयुक्त सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
- विशाल भारद्वाज, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री
- मनीष शुक्ल, कार्यकारी अधिकारी-निदेशक अन्वेषण निदेशालय
- आनंद सिंह बिसेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख-कारपोरेट अफेयर्स, उत्तर भारत, अदानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड

कवि सम्मेलन व पूर्व छात्रों के सम्मान के साथ मनेगा स्थापना दिवस

लवि के 106वें स्थापना दिवस समारोह का आगाज मंगलवार को पूर्व संध्या कार्यक्रमों के साथ होगा। मालवीय सभागार में दोपहर तीन बजे से कवि सम्मेलन और विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। अध्यक्षता कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी करेंगे, जबकि पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कवि सम्मेलन में डा. हरिओम, हसन काज़मी, प्रो. अब्बास रजा नैयर, पंकज प्रसून और अंशु प्रिया दुबे अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। प्रिंसे और पत्रकारिता जगत की 13 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। सात पूर्व कुलपति प्रो. घूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा मिश्र, प्रो. सीपी कर्वाथल और प्रो. बलराज शामिल हैं। यहां शिक्षण कार्य शुरू हुआ।

1936 में विज्ञान संकाय की स्थापना हुई। 1958 में विधि संकाय की शुरुआत हुई। 1964 में कृषि संकाय की स्थापना हुई। 1966 में चिकित्सा संकाय की स्थापना हुई। 1970 में पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय की स्थापना हुई। 1979 में पास हुआ। मुझे यहां से बहुत कुछ सीखने को मिला। एक खरे सोने से जो कैमिस्ट्री बहुत अच्छी पढ़ाते थे। एक बार बारिश हो रही थी, बत्ती नहीं आए। उन्होंने कहा कि क्या तुम बताते हो जो गत जाओगे। आज भी जब कोई कहता है बारिश हो रही थी तो मुझे दो यार आ जाता है।


- कमोडोर अरविंद सिंह, महावीर चक्र विजेता

शिक्षकों का ऐसा भरा था कि हम क्लास मे 15 मिनट पहले पहुंचते थे। नौकरी मे इसका बहुत फायदा मिला। इससे शिक्षा मिलती है कि हम भी मेहनत करेंगे और आगे बढ़ेंगे। तकिि हमे भी किसी ऐसे ही सम्मेलन मे बुलाया जाए।


- आनंद सिंह बिसेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख, कारपोरेट अफेयर्स उत्तर भारत अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड

विश्वविद्यालय के सभी प्रोफेसर का भी बहुत सम्मान है। दोस्तों से जुड़ी यादें आज भी मन को वहीं ले जाकर छोड़ती हैं। लखनऊ अदब का शहर है जो मैंने भी सीखा है। लवि मे अपने शिक्षकों और दोस्तों के साथ बिताया एक-एक पल मुझे ठीक से याद है। बहुत कुछ है जिसे मुझे बुलाया गया है।


-प्रो. राहुल पुरवार, आईआईटी बाम्बे

की। यह जमीन बादशाहबाग के नाम से जानी जाती थी और कभी अवध के नवाब नसीरुद्दीन हैदर का निजास स्थान हुआ करती थी। यहीं आगे चलकर विश्वविद्यालय का वर्तमान मुख्य परिसर विकसित हुआ। विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए कैनिंग कालेज के तालुकेदारों और अन्य सहयोगियों ने करीब 30 लाख रुपये की धनराशि जुटाई। इसी आर्थिक सहयोग ने विश्वविद्यालय की स्थापना की राह आसान की। विश्वविद्यालय को 25 नवंबर 1920 को औपचारिक रूप से स्थापित किया गया और 17 जुलाई 1921 से यहां शिक्षण कार्य शुरू हुआ।

NBT

लखनऊ विश्वविद्यालय में आज जुटेंगे पुराने यार

विवि के 106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अलमनाई का होगा सम्मान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मालवीय सभागार में आयोजित पूर्व छात्र समरोह में वर्षों पुराने बिछड़े यार मिलेंगे। कलाम की तरफतें और कैंटीन की गपशप की चटें ताजा करने के साथ ही 13 शिक्षाविदें व वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में होने वाले समरोह में कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा। इसमें डॉ. हरिओम, हसन काज़मी, प्रो. अब्बास रजा नैयर, पंकज प्रसून और अंशु प्रिया दुबे रचनाएं पेश करेंगे।

पूर्व छात्रों का सम्मान होगा : शिक्षा जगत से प्रो. पुनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी कर्वाथल और प्रो. बलराज चौहान को सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ल, प्रवीण कुमार, मनीष श्रीवास्तव, प्रांशु मिश्रा, रोशन पांडेय और पृष्टेद्र को भी सम्मानित किया जाएगा।

मिलेगा नवरत्न सम्मान : स्थापना दिवस पर कुलकर को नौ पूर्व छात्रों को नवरत्न सम्मान मिलेगा। इनमें सीआरपीएफ महानिदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के निदेशक पीरन पांडेय, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. राहुल पुरवार, महावीर चक्र विजेता नौसेना कमांडर अरविंद सिंह, ओएनजीसी के मुख्य महाप्रबंधक मनीष शुक्ला, इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, अदानी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष आनंद सिंह बिसेन और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव विशाल भारद्वाज शामिल हैं।

8 छात्रों से शुरू हुई थी कहानी


तक का विस्तार: एलयू के पहले वैसी इतने नथ चक्रवर्ती बने थे। शुरुआत में सिर्फ तीन संस्थान-केमिकल कोलेज, किंग जॉर्ज मेडिकल कोलेज और आर्ट्स कोलेज इससे जुड़े थे। आज लखनऊ समेत पांच जिलों के 575 से अधिक कोलेज एलयू से संबद्ध हैं।

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गेमटी के किनारे बादशाहबाग में खड़ा लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) सिर्फ एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि हजारों की पहचान है। 106 साल के इस सफर में कुलपतियों और उत्तर-चढ़ाव के बीच एलयू ने लगातार नई मंजिलें हासिल की हैं।

■ **1864 में शुरुआत:** खूनीबाद की एक छोटी सी कोठी में सिर्फ 8 छात्रों के साथ कैनिंग कोलेज खुला था। अमीनाबाद, लाल बारादरी और कैसरबाग होते हुए यह बादशाहबाग पहुंचा। अवध के तालुकेदारों ने इसके लिए चंदा जुटाया।

■ **1920 में अधिनियम, 1921 से पढ़ाई:** राजा महमूदाबाद और गवर्नर सर हरकोर्ट बटलर के प्रयासों से 25 नवंबर 1920 को विश्वविद्यालय का अधिनियम पारित हुआ और जुलाई 1921 से पढ़ाई शुरू हुई।

■ **तीन संस्थानों से 575 कॉलेजों**

■ **50 से ज्यादा विभाग:** वर्तमान में परिसर में करीब ढाई लाख छात्र पढ़ रहे हैं। दो परिसर, 13 संकाय और 50 से अधिक विभाग एलयू की साख बड़ी ताकत है।

■ **यहीं का पहला नैक ए++ विवि:** एलयू उत्तर प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है, जिसे 2022 में नैक से ए++ ग्रेड मिला। साथ ही यूजीसी से कैटेगरी-1 का दर्जा भी मिलता है।

■ **कदमस रैंकिंग में धाक:** एनआईआरएफ-2025 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय श्रेणी में 96वां, विधि (लॉ) में 29वां और स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी में 27वां स्थान मिला। कदमस खलडे रैंकिंग और कदमस एशिया रैंकिंग में भी एलयू लगातार अपनी जगह बना रहा है।

■ **तीन विषयों की देश में सबसे पहले पढ़ाई:** देश में सबसे पहले रानसीती विषय, लोक प्रशासन और खनिज विज्ञान की पढ़ाई लखनऊ विवि में ही शुरू हुई।

■ **यादों का खजाना है ऐतिहासिक इमारतें:** टैगोर लाइब्रेरी, मालवीय सभागार, लाल बारादरी और छात्रावास भवन जैसी इमारतें 106 साल की यादों को संजोए हुए हैं। चुनौतियां आज भी हैं, लेकिन एलयू ने हर दौर में खुद को नए सिरे से गढ़ा है।

AMRIT VICHAR

साइबर जागरूकता मार्च निकाला

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग की ओर से साइबर अपराध जागरूकता मार्च और पूर्व छात्रों की विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. गीतिका टंडन कपूर ने विश्वविद्यालय के गौरव स्थल से हरी झंडी दिखाकर पीएचडी शोधार्थियों के जागरूकता मार्च को रवाना किया। कार्यक्रम समन्वयक व सहायक प्रोफेसर डॉ. मयंक भारद्वाज ने बताया कि मार्च में 50 से अधिक शोधार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर और पर्चे बांटकर शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को साइबर अपराध तथा डिजिटल अरेस्ट के खतरों से आगाह किया।

लविवि में आज सजेगी गीत-संगीत की महफिल

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस पर पूर्व मंगलवार को छात्र मिलन समारोह होगा। इसमें काव्य संध्या के साथ पूर्व छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन में लोक गायिका मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। दोपहर 3 बजे से कवि सम्मेलन होगा, जिसमें डॉ. हरिओम, हसन काज़मी, प्रो. अब्बास रजा नैयर, पंकज प्रसून, अंशु प्रिया दुबे कविता पाठ करेंगे। स्थापना दिवस 25 नवंबर को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह मुख्य अतिथि में सांस्कृतिक संध्या होगी।

AMAR UJALA

विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर की कुछ और परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं एक से 21 दिसंबर तक होंगी। इसके साथ ही बीएलएड विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए नौ केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। एमए ज्योतिर्विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 से 11 और तृतीय सेमेस्टर की 1 से 10 दिसंबर तक होंगी। एमए मनोविज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 4 से 15 और तृतीय सेमेस्टर की 3 से 12 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। पीजी डिप्लोमा इन काउंसलिंग की परीक्षाएं 9, 11 और 15 दिसंबर को होंगी। एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी की परीक्षाएं 12 से 21 दिसंबर तक चलेंगी। ज्योतिर्विज्ञान, मनोविज्ञान और काउंसलिंग की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक, जबकि एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक होगी।

■ **बीएलएड के नौ परीक्षा केंद्र :** बीएलएड परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय को नोडल सेंटर बनाया गया है। अन्य केंद्रों में ब्राइट कैरियर गर्ल्स डिग्री कॉलेज ठाकुरगंज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन देवरी रुखारा, करियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज विकासनगर, रजत पीजी कॉलेज, कमता पंचवटी चिनहट, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय गोमतीनगर, गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज अयोध्या रोड, हिरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज सरोजनीनगर, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज आलमबाग और लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज शामिल हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

एलयू में पांच को बीए फ्रेंच की मौखिक परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में बीए फ्रेंच पंचम सेमेस्टर (मेजर-1) सत्र 2026-27 के इंटर्नशिप/टर्म पेपर की मौखिकी परीक्षा 5 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 12 बजे विभाग में होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. नाजनीन खान की ओर से जारी सूचना के अनुसार, परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों को अपने इंटर्नशिप/टर्म पेपर की दूसरी प्रति साथ लानी होगी।

NBT

- लखनऊ विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह, विश्वविद्यालय परिसर, दोपहर 3 बजे।

AMRIT VICHAR

- लखनऊ विश्वविद्यालय में काव्य संध्या, पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह और लोकगायिका मालिनी अवस्थी का कार्यक्रम- 3:00 बजे से।

NBT

LU प्री क्वार्टर में, आदी ने जड़ा अर्द्धशतक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी को 66 रन से हराकर लखनऊ यूनिवर्सिटी (एलयू) ने टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर में जगह पक्की की। परांजपे क्रिकेट मैदान पर एलयू ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी आठ विकेट खो

UNIVERSITY NEWS 24 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN TIMES

{ 106TH FOUNDATION DAY CELEBRATIONS BEGIN TODAY }

LU to felicitate achievers from education, defence, journalism and science

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: Lucknow University (LU) will honour 22 distinguished alumni during its 106th Foundation Day celebrations on Tuesday and Wednesday, recognising their contributions to education, journalism, administration, judiciary, defence, science and other fields.

The celebrations will begin on Tuesday at 3 pm at the university's Malaviya Hall, with folk singer Malini Awasthi attending as the chief guest.

A Kavi Sammelan will also be organised on the eve of Foundation Day, featuring poets and shayars Hariom, Hasan Kazmi, Prof Abbas Raza Nayyar, Pankaj Prasoon and Anshu Priya Dubey.

Thirteen distinguished alumni from education and journalism will be felicitated on Tuesday.

Among the academicians to be honoured are seven former vice-chancellors, including Prof Poonam Tandon of Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Prof Manoj Dixit of Dr Rammanohar Lohia Avadh University, Prof Anil Shukla of Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University and Prof DP Tiwari of Rajrishi Tandon Open University.

The celebrations will conclude on Wednesday with the Foundation Day programme.

A cultural evening will begin at Malaviya Hall at 4 pm, with Bhatkhande Sanskriti University vice-chancellor (VC) Prof Mandvi Singh as the chief guest.

The formal ceremony will follow at 5 pm, with deputy chief minister (CM) Brajesh Pathak attending as the chief guest.

Nine alumni from administration, judiciary, military service, atomic energy, science, energy and the corporate sector will receive the Distinguished Alumni Award.

The awardees include CRPF director general Gyanendra Pratap Singh, retired Indian Navy Commodore Arvind Singh, Allahabad high court Lucknow bench judge Justice Brijraj Singh, IIT Bombay professor Rahul Purwar, Atomic Minerals Directorate director Dheeraj Pandey, Union ministry of new and renewable energy joint secretary Anupam Kumar, UP chief minister's special secretary Vishal Bhardwaj, ONGC executive officer Manish Shukla and Adani Enterprises senior vice-president and head of corporate affairs, North India Anand Singh Bisen.



Lucknow University will honour 22 distinguished alumni during its 106th Foundation Day celebrations on Tuesday and Wednesday.
SOURCED

TIMES OF INDIA

LU to honour 13 alumni as 106th foundation day celebrations begin

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University will begin its 106th Foundation Day celebrations on Tuesday with a kavi sammelan and a ceremony to honour 13 distinguished alumni from the fields of education and journalism.

The programme will be held at the Malviya Auditorium on the university campus. Padma Shri awardee and folk singer Malini Awasthi will be the chief guest.

Poets Dr Hariom, Hasan Kazmi, Prof Abbas Raza Nair, Pankaj Prasoon and Anshu Priya Dubey will perform at the kavi sammelan.

The university will also honour 13 alumni, including seven former vice-chancellors: Prof Poonam Tandon, Prof Manoj Dixit, Prof Anil Shukla, Prof DP Tiwari, Prof Binda Prasad Mishra, Prof CP Barthwal and Prof Balraj Chauhan.

POET'S MEET TODAY

Vice-chancellor Prof JP Saini said the Foundation Day celebrations would recognise the achievements of former students and help them reconnect with their alma mater.

"Former students have brought laurels to the university in different fields. Their achievements will inspire the present generation of students," he said.

The main Foundation Day function will be held on Wednesday.

Several literary, sports and cultural events were organised by various departments on Monday.

NINE ACHIEVERS, ONE ALMA MATER




Their journeys have taken them from Lucknow University's classrooms to the upper echelons of public administration, national security, the judiciary, science and corporate leadership. Nine alumni of the university, who have made significant contributions across diverse fields, will be honoured with the Distinguished Alumni Award during its 106th foundation day celebrations on Wednesday. LU vice-chancellor Prof JP Saini said, "The achievements and contributions of nine alumni across diverse fields have brought pride to their alma mater. Their journeys serve as an inspiration for future generations of students."

THE AWARDEES



Gyanendra Pratap Singh | Director General, CRPF

A 1991-batch IPS officer, Gyanendra Pratap Singh studied geology at Lucknow University, completing his graduation in 1986 and postgraduation in 1988. He currently heads the Central Reserve Police Force (CRPF), the country's largest paramilitary force. He previously served as Assam DGP and inspector general in the National Investigation Agency (NIA) from 2013 to 2019. He also served in the Special Protection Group (SPG), overseeing security arrangements for two former prime ministers



Commodore Arvind Singh | MVC, NM (Retd), Indian Navy

A 1979 BSc graduate of Lucknow University, Commodore Arvind Singh is among the Indian Navy's most decorated officers and its youngest Maha Vir Chakra recipient, according to the university. He displayed exceptional courage during Operation Pawan in Sri Lanka in 1987 and played a pioneering role in establishing MARCOS, the Indian Navy's elite marine commando force. He has also received the Nau Sena Medal




Justice Brijraj Singh | Judge, Alld High Court, Lko Bench

Justice Brijraj Singh completed his LLB from Lucknow University in 1995 and enrolled as an advocate in 1996. He has represented the Union govt, Indian Railways, Competition Commission of India and Lucknow University as senior panel counsel. He was appointed an additional judge of the Allahabad High Court on Oct 13, 2021, and became a permanent judge on March 13, 2023



Prof Rahul Purwar | Prof, IIT-Bombay, and Founder-CEO, ImmunoACT

An alumnus of the university's biochemistry department, Prof Rahul Purwar completed his postgraduate studies between 1998 and 2000. He established India's first CAR-T cell therapy programme at IIT-Bombay. Under his leadership, NexCAR19, India's first indigenously developed and affordable gene therapy for blood cancer, was developed. The therapy was dedicated to the nation by President Droupadi Murmu in April 2024, marking a significant milestone in India's cancer treatment research



Dheeraj Pandey | Director, Atomic Minerals Directorate For Exploration & Research

A 1987 MSc geology graduate of Lucknow University, Dheeraj Pandey is a prominent geologist who played a key role in the discovery and development of the Rohil uranium deposit in Rajasthan. He received the National Geoscience Award in 2019 from the Govt of India. He is also an ex-officio member of the boards of Uranium Corporation of India Ltd and IREL (India) Ltd




Anupam Kumar | Joint Secy, Ministry of New & Renewable Energy

Anupam Kumar completed his BSc in 1994 and MSc in physics, specialising in digital electronics, in 1996 from LU. He also served as a teacher at LU before joining civil services. A 2003-batch IAS officer, he served as DM of Rohtas and Muzaffarpur in Bihar. He also held the post of secretary in Bihar CM's secretariat for eight years before taking up his current assignment at the Centre



Vishal Bhardwaj | Special Secy to UP Chief Minister

Vishal Bhardwaj pursued BA in mathematics, statistics and economics in 1993 and an MA in economics in 1995 from Lucknow University. He joined the Provincial Civil Services (PCS) in 1997 and was inducted into the IAS cadre in 2013. During his administrative career, he has served as district magistrate of Sitapur, Azamgarh and Kushinagar. He has also worked as staff officer to the chief secretary and is currently serving as special secretary to the UP chief minister



Manish Shukla | Executive Director, Exploration, ONGC

A university gold medallist, Manish Shukla completed BSc in 1989 and MSc in geology in 1991 from Lucknow University. He has made significant contributions to India's energy security and oil and gas exploration. He has led several important exploration initiatives at ONGC's Centre of Excellence, GEOPIC, in Dehradun, and the Western Offshore Basin, contributing to the country's hydrocarbon exploration efforts



Anand Singh Bisen | Senior Vice-President and Head, Corporate Affairs, North India, Adani Enterprises

Anand Singh Bisen completed BA in 1991 and Master of Human Resource Management (MHRM) in 1996 from Lucknow University's department of social work. He has more than 26 years of professional experience spanning corporate affairs, policy coordination, human resources and infrastructure development. He currently leads corporate affairs for Adani Enterprises in North India

VOICE OF LUCKNOW

लविवि का स्थापना दिवस समारोह आज, सजेगी साहित्य-संस्कृति व सम्मान की महफिल

शिक्षा एवं मीडिया जगत के 13 पूर्व छात्र व देश के 9 प्रतिष्ठित पुरातन छात्र होंगे सम्मानित

विशेष संवाददाता (VOI)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का शुभारंभ बुधवार को स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर होने जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित मालवीय सभागार में दोपहर 3:00 बजे से आयोजित होने वाले समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी करेंगे। समारोह में लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध कवि व शायर काव्य-रस बिखेरेंगे। इसमें डॉ. हरिओम, हसन काजमी, प्रो. अब्बास रजा नैयर, पंकज प्रसून और अंशु प्रिया दूबे शामिल होंगी। कवि सम्मेलन के साथ-साथ समारोह का प्रमुख आकर्षण विश्वविद्यालय के उन 13 विशिष्ट पूर्व छात्रों (एलुमनाई) का सम्मान समारोह होगा, जिन्होंने शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में शीर्ष पदों पर आसीन होकर राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया है और अपनी मातृ संस्था का गौरव बढ़ाया है।

25 नवंबर को सायं 4:00 से 5:00 बजे तक कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। इसके बाद सायं 5:00 से 7:30 बजे तक उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मुख्य आतिथ्य में मुख्य स्थापना दिवस समारोह एवं देश के शीर्ष प्रशासनिक, न्यायिक, सैन्य व कॉर्पोरेट जगत के विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह होगा। इसमें सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, महावीर चक्र विजेता कमोडोर अरविंद सिंह, न्यायमूर्ति बृजराज सिंह व आईआईटी बॉम्बे के प्रो. राहुल पुरवार, वैज्ञानिक धीरज पांडे, आईएएस अनुपम कुमार, आईएएस विशाल भारद्वाज सहित शीर्ष हस्तियों को 'डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवॉर्ड' मिलेगा।

AAJ

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने लगाया जीत का चौका

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला के शानदार अर्धशतक और गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नाथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। लखनऊ यूनिवर्सिटी ने राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी को 66 रन से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अंतिम-16 के मुकाबले में उसका सामना मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी से होगा। टूर्नामेंट में 24 और 25 नवंबर को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 45 गेंदों पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 75 रन की शानदार पारी खेली। आयुष शर्मा ने 39, मोहम्मद अल्तमश ने 20 और शौर्य सिंह ने 15 रन का योगदान किया। जवाब में राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी की टीम आठ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। लखनऊ यूनिवर्सिटी से शौर्य सिंह ने 13 रन देकर तीन और क्षितिज त्रिपाठी ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। आरआर क्रिकेट स्टेडियम पर सीजीसी यूनिवर्सिटी ने चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी को 35 रन से हराया। सीजीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 166 रन बनाए। नमन वर्मा ने 49 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए, जबकि अंकुश ठाकुर ने 29 और अभिषेक ठाकुर ने 19 रन जोड़े। चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी के दिनेश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर पांच विकेट चटकाए। जवाब में चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी की टीम 17.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई।

AMRIT VICHAR

भाषण में मलिका अग्रवाल प्रथम

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग स्थित कौटिल्य सभागार में सोमवार को एलुमनाई वीक समारोह हुआ। पहले सत्र में शोध एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के बीच विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर की मलिका अग्रवाल प्रथम, अभिषेक मिश्रा द्वितीय रहे। प्रो. अशोक कुमार कैथल व डॉ. शची राय निर्णायक रहे। प्रतिभागियों को आइक्यूएसी निदेशक प्रो. विनोद सिंह, वरिष्ठ प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल, प्रो. अरविन्द अवस्थी और विभागाध्यक्ष प्रो. रोली मिश्रा ने पुरस्कृत किया। दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरविन्द अवस्थी ने 'समष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्दृष्टिपूर्ण पहलू व सिद्धांत और व्यवहार में मौद्रिक नीति का रुख' विषय पर व्याख्यान दिया।